# हिंदी

## कार्यपत्रक

### (सीखने के प्रतिफल पर आधारित)

**कक्षा- 3**

स्वाध्यायान्मा प्रमदः

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली**

वरुण मार्ग, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024

# PREFACE

The National Policy on Education 2020 suggests for an increased focus on foundational literacy and numeracy with special focus on reading, writing, speaking, counting, arithmetic, and mathematical thinking throughout the preparatory and middle school education. It also suggests for a robust system of continuous, formative/adaptive assessment to track individualized learning and academic progress.

The academic loss due to Covid -19 pandemic has created a huge learning deficit and students are lagging behind in terms of learning outcomes. Learning Outcomes serve as benchmark for students' achievement in each class and subject. The Learning Outcomes for each class in Languages (Hindi, English and Urdu), Mathematics, Environmental Studies, Science and Social Science up to the elementary stage (Class 1 to 8) have been developed by NCERT and adapted by SCERT Delhi.

To bridge the learning gaps caused by the pandemic and to improve learning levels of students, SCERT Delhi has developed worksheets based on learning outcomes for class 3, 5 and 8. The worksheets for classes 3 and 5 have been developed for subjects: Mathematics, Environmental Studies and Languages (Hindi & English) and for class 8 Science, Mathematics, Social Science and Languages (Hindi & English). Each subject has 10 worksheets with 15 MCQs for each worksheet.

These worksheets are provided for practice purpose to improve the competencies of students. These are exemplar and teachers can frame similar worksheets/questions for practice. Guidelines for teachers are also there in each subject booklet to help teachers get better understanding of objectives and content of the worksheets.

It gives me immense pleasure to hand over these worksheets to teachers, our nation builders who are striving and working hard to impart quality education to students. We all as stakeholders need to work collectively to facilitate our students to attain higher order competencies including critical thinking, creativity, problem solving skills so that they are able to meet contemporary needs and can become responsible citizens who can further contribute for national development and be ready to tackle global challenges.

**Dr. Nahar Singh**

Joint Director, SCERT

**मुख्य सलाहकार**
श्री रजनीश कुमार सिंह, निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली

**मुख्य शैक्षणिक सलाहकार**
डॉ. नाहर सिंह, संयुक्त निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली

**परियोजना समन्वयक**
श्रीमती रमन अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली
डॉ. बिंदु सक्सेना, सहायक प्रोफेसर, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली

**नोडल अधिकारी**
डॉ. प्रवीण कुलश्रेष्ठ, असिस्टेंट प्रोफेसर, मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, घुम्मनहेड़ा

**समन्वयक**
डॉ. लक्ष्मी पाण्डेय, प्रवक्ता, मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ,कड़कड़डूमा, दिल्ली

**निर्माण समिति**
श्रीमती निशा जैन, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका, मेंटर शिक्षिका, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली
श्री बृजेश कुमार जादौन, पूर्वी दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय, ओ ब्लॉक, दिलशाद गार्डन, दिल्ली
श्री कपिल गहलोत, शिक्षक, निगम प्रतिभा विद्यालय, बापरौला गाँव, दिल्ली
श्रीमती ममता, शिक्षका, निगम प्रतिभा विद्यालय बापरौला गाँव, दिल्ली
श्री रवि दहिया, शिक्षक, निगम प्राथमिक विद्यालय रजापुर खुर्द न० 2/1, दिल्ली

**पुनरीक्षण समिति**
डॉ. शारदा कुमारी, प्राचार्या (सेवानिवृत्त), मंडलीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आर. के. पुरम, दिल्ली
डॉ. अंकित कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता हिंदी, कोर एकेडेमिक यूनिट, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

**प्रकाशन अधिकारी**
डॉ. मुकेश यादव

**प्रकाशन समूह**
श्री नवीन कुमार
श्रीमती राधा

**मुद्रकः** ऐजुकेशनल स्टोर्स, एस-5 बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया साईट-1 गाजियाबाद (उ.प्र.) द्वारा मुद्रित।

## सीखने के प्रतिफलों पर आधारित हिंदी के कार्यपत्रक (कक्षा–3)

### शिक्षकों के लिए दिशानिर्देश

1. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली द्वारा बनाए गए वर्तमान कार्यपत्रक का उपयोग केवल अभ्यास के उद्देश्य से किया जाना चाहिए।
2. शिक्षक सभी विद्यार्थियों को निर्देशित करें कि दिए गए निर्देश/गद्यांश/काव्यांश/विज्ञापन अथवा पोस्टर का ध्यानपूर्वक मौन वाचन करें। (शिक्षक स्वयं वाचन न करें)।
3. सीखने के प्रतिफलों पर आधारित पंद्रह (15) बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) के दस (10) कार्यपत्रक हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं, उनमें से एक सही उत्तर है। विद्यार्थियों को निर्देशानुसार सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाना है।

   **उदाहरण के लिए–**

   **एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का तापमान निम्न में से कौन सा है?**

   क) 99.00ºF

   ✓ ख) 98.60ºF

   ग) 98.00ºF

   घ) 98.20ºF
5. उत्तर कार्यपत्रक के अंत में दिए गए हैं।
6. शिक्षक के रूप में आप उत्तर की तर्क के साथ व्याख्या कर सकते हैं।
7. विद्यार्थियों द्वारा कार्यपत्रक को पूरा करने हेतु शिक्षक विद्यार्थियों को पर्याप्त समय दें।
8. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी कार्यपत्रक को पूरा करें।
9. शिक्षक विद्यार्थियों को प्रश्न का सही उत्तर खोजने में कोई सहायता न करें।
10. शिक्षको को सलाह दी जाती है कि विद्यार्थियों के अभ्यास के लिए ऐसे और प्रश्नपत्र तैयार करें।
11. शिक्षक सभी विद्यार्थियों की प्रगति का रिकॉर्ड लिखकर रखें और सीखने के प्रतिफलों मे सुधार लाने का प्रयास करें।

कार्यपत्रक–1

# हिंदी

**कक्षा-3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

**टिटहरी को आपने देखा हो या न देखा हो, इसकी तेज आवाज़ ज़रूर सुनी होगी। टिटहरी एक बहुत ही चौकन्ना पक्षी है। अपने इलाके में किसी जानवर या मनुष्य के घुस आने पर यह शोर मचाना शुरू कर देती है। अपने अंडों और बच्चों की रक्षा करने के लिए ये दिन–रात शोर करते हैं। टिटहरी खुले स्थान पर रहना पसंद करती है। ज़मीन पर पाए जाने वाले कीड़े–मकोड़े इसका प्रिय भोजन है।**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **इस गद्य खंड में किसके बारे में बात की गई है–**

   (क) एक पशु के बारे में (ख) एक पक्षी के बारे में

   (ग) एक कीड़े के बारे में (घ) एक खिलौने के बारे में

2. **टिटहरी को अपने रहने के लिए किस तरह की जगह पसंद है?**

   (क) छोटी जगह (ख) गरम जगह (ग) ठंडी जगह (घ) खुली जगह

3. **कीड़े–मकोड़े टिटहरी के किस काम आते हैं?**

   (क) मनोरंजन के काम (ख) बच्चों की रक्षा के काम

   (ग) भोजन के काम (घ) घर बनाने के काम

4. **टिटहरी अपने बच्चों की रक्षा कैसे करती है?**

   (क) शोर मचा कर (ख) शत्रु को काट कर

   (ग) पेड़ की जड़ में छिपा कर (घ) पेड़ की पत्तियों में छिपा कर

5. **'टिटहरी' एक बहुत ही चौकन्ना पक्षी है।**

   'चौकन्ना' का अर्थ है–

   (क) चालाक (ख) चुस्त (ग) चौकस (घ) चमकीला

## भाग–2

**नीचे दी गई कविता को पढ़िए–**

**एक हमारे नाना जी हैं,**
**एक हमारी नानी जी।**
**नानी पहनती सूती धोती,**
**नाना जी पहनते खादी।**

**नानी जब भी गाया करतीं,**
**नाना जी मुसकाते।**
**कभी–कभी नाना जी भी,**
**हैं मीठा भजन सुनाते।**
**बच्चों के संग मिलकर दोनों,**
**जमकर धूम मचाते।**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**6. कविता में किसकी बात की गई है?**

(क) नाना–नानी (ख) मामा–मामी (ग) चाचा–चाची (घ) दादा–दादी

**7. नानी की पोशाक की ख़ास बात क्या है?**

(क) वह खादी की है। (ख) वह महीन है।
(ग) वह सूती है। (घ) वह ऊनी है।

**8. 'मीठा भजन' से मतलब है–**

(क) गुड़ वाला भजन (ख) चीनी वाला भजन
(ग) कर्कश भजन (घ) सुरीला भजन

**9. नाना जी भी कभी–कभी क्या करते थे?**

(क) नाचते थे। (ख) भजन गाते थे।
(ग) अभिनय करते थे। (घ) खाना पकाते थे।

**10. 'धूम मचाने' का मतलब है–**

(क) दंगा करना (ख) चुप रहना
(ग) मज़े करना (घ) सोच–विचार करना

## भाग –3

**नीचे दिए गए चित्र को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**



**11. चित्र में कितने लोग हैं?**

(क) 2 आदमी, 3 लड़के (ख) 1 आदमी, 5 लड़कियाँ

(ग) 1 आदमी, 2 लड़के, 2 लड़कियाँ (घ) 3 लड़के, 1 लड़की, 1 आदमी

**12. चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं?**

(क) पेड़ के नीचे खेल रहे हैं। (ख) पेड़ काटने से रोक रहे हैं।

(ग) पेड़ के पीछे छुप रहे हैं। (घ) पेड़ के नीचे नाच रहे हैं।

**13. पेड़ों से हमें मिलता है–**

(क) मोबाइल, घड़ी, चश्मा (ख) लोहा, सोना, ताँबा

(ग) सीमेंट, आईसक्रीम, नमक (घ) फल, फूल, लकड़ी

**14. 'समझदारी' वाला काम कौन कर रहा है?**

(क) आदमी (ख) बच्चे (ग) दोनों (घ) कोई भी नहीं

**15. आपके सामने कोई पेड़ को काटे तो आप क्या करेंगे?**

(क) उसे पेड़ काटते हुए देखेंगे। (ख) गिरे हुए पेड़ पर खेलना चाहेंगे।

(ग) उसे पेड़ काटने से रोकेंगे। (घ) उस जगह से चले जाएँगे।

कार्यपत्रक–2

# हिंदी

**कक्षा-3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

**इमली के पेड़ से तुम परिचित होंगे ही। इमली का वृक्ष देश के सभी हिस्सों में पाया जाता है। इसकी शाखाएँ घनी होकर फैला हुआ छत्र–सा बनाती हैं। इसकी पत्तियाँ साल भर हरी बनी रहती हैं।**

**इमली के फूल छोटे–छोटे होते हैं और अप्रैल से जून तक खिलते हैं। फल फ़रवरी से अप्रैल यानी ठंड के मौसम में पकते हैं। फल के गूदे से चटनी तथा शरबत आदि बनता है। इमली के बीज भी कई तरह से काम आते हैं।**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **इस गद्य खंड में किस वृक्ष की बात की गई है?**

   (क) कटहल (ख) इमली (ग) आम (घ) लीची

2. **इमली के फूल कैसे होते हैं?**

   (क) मोटे–मोटे (ख) चौड़े–चौड़े (ग) लम्बे–लम्बे (घ) छोटे–छोटे

3. **चटनी और शरबत बनाने के लिए इमली का कौन सा हिस्सा काम में आता है?**

   (क) बीज (ख) पत्ती (ग) गूदा (घ) फूल

4. **'इसकी शाखाएँ घनी होकर फैला हुआ छत्र–सा बनाती हैं।'**

   रेखांकित शब्द 'छत्र–सा' का अर्थ है–

   (क) छतरी जैसा (ख) छज्जे जैसा (ग) छत जैसा (घ) छल्ले जैसा

5. **इमली के विषय में कौन सी बात सही है?**

   (क) इमली के फूल सिर्फ़ मई में ही खिलते हैं।

   (ख) इमली के बीज बहुत उपयोगी होते हैं।

(ग) इमली का फल गरमी में पकता है।

(घ) इमली की पत्तियाँ सूखी रहती हैं।

## भाग–2

**नीचे दी गई कविता को पढ़िए–**

हठ कर बैठा चाँद एक दिन, माता से यह बोला,
'सिलवा दो माँ, मुझे ऊन का मोटा एक झिंगोला।
सन सन चलती हवा रात भर, जाड़े से मरता हूँ,
ठिठुर–ठिठुर कर किसी तरह यात्रा पूरी करता हूँ।
आसमान का सफ़र और यह मौसम है जाड़े का,
न हो अगर, तो ला दो कुर्ता ही कोई भाड़े का।

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**6. चाँद माँ से किस बात की ज़िद कर रहा है?**

(क) ऊन का कुर्ता सिलवाने की। (ख) रात भर हवा चलाने की।

(ग) यात्रा पूरी करने की। (घ) रेशमी कुर्ता लाने की।

**7. चाँद अपनी यात्रा किस तरह से पूरी करता है?**

(क) सन–सन करके (ख) मचल–मचल कर

(ग) सिकुड़–सिकुड़ कर (घ) ठिठुर–ठिठुर कर

**8. इस कविता में किस ऋतु की बात हो रही है?**

(क) बरसात (ख) वसंत (ग) सर्दी (घ) गर्मी

**9. चाँद माँ से झिंगोला सिलवाने की बात क्यों करता है?**

क्योंकि–

(क) उसे बहुत ठंड लगती है।

(ख) वह आसमान में है।

(ग) उसे झिंगोला अच्छा लगता है।

(घ) उसके पास पहले से कोई झिंगोला नहीं है।

**10. 'हठ कर बैठा चाँद एक दिन'।**


इस पंक्ति का भाव है–

(क) एक दिन चाँद दूर बैठ गया। (ख) एक दिन चाँद ज़िद कर बैठा।

(ग) एक दिन चाँद ने शरारत की। (घ) एक दिन चाँद रूठ गया।

## भाग–3

**दिए गए विज्ञापन को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**



**क्या आप मच्छरों को दावत दे रहे हैं?**

# सावधान!

**मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया हो सकता है!**

* आस-पास पानी जमा न होने दें। गड्ढों को भर दें।
* पानी के बरतन, टंकी, कूलर को साफ़ रखें। हर हफ़्ते सुखाएँ।
* तालाबों में मछलियाँ छोड़ें ताकि वे मच्छर के लारवे को खा लें।
* मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
* जमा हुए पानी में मिट्टी का तेल छिड़कें।

**11. इस विज्ञापन में किस बीमारी की बात की गई है?**

(क) कोरोना (ख) चेचक (ग) मलेरिया (घ) तपेदिक

**12. तालाबों में मछलियाँ छोड़ने के लिए क्यों कहा गया है?**

जिससे कि वे–

(क) तालाब में तैर सकें। (ख) मच्छर के लारवे को खा लें।

(ग) मच्छरों को पनपने दें। (घ) तालाब में रह सकें।

**13. यह विज्ञापन किस बारे में है?**

(क) मच्छरों को दावत देने के बारे में।

(ख) पानी की सफ़ाई के बारे में।

(ग) मच्छरों को सावधान करने के बारे में।

(घ) लोगों को जागरूक करने के बारे में।

**14. विज्ञापन में गड्ढे भरने के लिए क्यों कहा गया है?**

जिससे कि–

(क) आस–पास पानी जमा हो सके। (ख) मछलियाँ तैर सकें।

(ग) मच्छर न पनप सकें। (घ) पानी की कमी न हो।

**15. '<u>जमा हुए</u> पानी में मिट्टी का तेल छिड़कें।'**

विज्ञापन के अनुसार रेखांकित शब्द का अर्थ है–

(क) इकट्ठा हुआ पानी (ख) बर्फ़ की तरह ठोस

(ग) सूखा हुआ पानी (घ) जोड़ा हुआ पानी

कार्यपत्रक–3

# हिंदी

कक्षा–3

## भाग–1

**भाग–1 नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

चीं–चीं नाम की एक चिड़िया थी। वह छत पर पड़े बाजरे के दाने चुग रही थी। अचानक एक बिल्ली ने बाज की तरह झपट्टा मारकर उसे दबोच लिया। बेचारी चीं–चीं की तो जान ही सूख गई। "आज तो मेरा बचना कठिन है" उसने मन में सोचा, पर वह घबराई नहीं। वैसे तो वह नन्ही सी थी, पर थी बहुत समझदार और निडर। वह चूँ – चूँ करते हुए बहुत ही नम्रता से बोली,' मौसी जी, मैं तो नन्ही सी जान हूँ ,मेरे तनिक से मांस से आपकी भूख नहीं मिटेगी। इसीलिए मुझे छोड़ दें और मेरे साथ बाजरा चुगें।

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **चिड़िया का नाम क्या था?**

   (क) चिन –चिन (ख) चुन–चुन (ग) चूँ–चूँ (घ) चीं–चीं

2. **बिल्ली ने किस की तरह झपट्टा मारा?**

   (क) कुत्ते (ख) मुर्गी (ग) बाज (घ) खरगोश

3. **चीं–चीं बहुत निडर थी। 'निडर' का उल्टा है–**

   (क) चालाक (ख) डरपोक (ग) होशियार (घ) बेवकूफ़

4. **'जान ही सूख गई' का मतलब क्या है?**

   (क) बहुत डर गई। (ख) चौक्कनी हो गई।

   (ग) काँपने लगी। (घ) उड़ गई।

5. **मुसीबत पड़ने पर क्या करना चाहिए?**

   (क) ज़ोर–ज़ोर से रोना चाहिए। (ख) सोच समझ कर काम करना चाहिए।

   (ग) डरकर वही बैठ जाना चाहिए। (घ) आँखें बंद कर लेनी चाहिए।

## भाग–2

**नीचे दी गई कविता को पढ़िए–**

प्यारी–प्यारी न्यारी ओस,
चली है ओस कितने कोस,
चमक रही है मोती जैसी,
सुंदर सी है मोती जैसी,
छूते ही यह होगी पानी,
ना करना ऐसी नादानी।

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**6. कविता में किसकी बात की गई है?**

(क) ओस की (ख) बारिश की (ग) फूल की (घ) मिट्टी की

**7. ओस किसके जैसी चमकती है?**

(क) चाँदी जैसी (ख) शहद जैसी (ग) मोती जैसी (घ) शंख जैसी

**8. ओस को छू लिया जाए तो क्या होगा?**

(क) बड़ी हो जाएगी। (ख) सुंदर हो जाएगी।
(ग) ग़ायब हो जाएगी। (घ) पानी हो जाएगी।

**9. कविता में किस बात के लिए मना किया गया है?**

(क) ओस को देखने के लिए। (ख) ओस को छूने के लिए।
(ग) ओस पर चलने के लिए। (घ) ओस को सुखाने के लिए।

**10. 'चलकर आई कितने कोस' में कोस का प्रयोग किया गया है–**

(क) समय के लिए (ख) चौड़ाई के लिए
(ग) चाल के लिए (घ) दूरी के लिए

## भाग – 3

नीचे दिए गए विज्ञापन को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटिए–

11. विज्ञापन में किस ख़तरे की बात की गई है?




(क) कोरोना

(ख) पोलियो

(ग) खसरा

(घ) पीलिया

12. पोलियो से बचाव कैसे हो सकता है?

(क) दूध पीने से

(ख) पट्टी बाँधने से

(ग) पोलियो खुराक से

(घ) आराम करने से

13. विज्ञापन में पोलियो का प्रभाव बालक के किस अंग पर हुआ है?

(क) हाथ

(ख) पैर

(ग) मुँह

(घ) सिर

14. 'एक पोलियो खुराक' का मतलब है–

(क) चार बूँद (ख) एक बूँद (ग) दो बूँद (घ) पाँच बूँद

15. 'पोलियो की खुराक' कितने साल तक के बच्चे को लेनी ज़रूरी है?

(क) तीन साल तक (ख) छः साल तक

(ग) आठ साल तक (घ) पाँच साल तक

कार्यपत्रक–4

# हिंदी

**कक्षा–3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

जंगल में विशाल वट वृक्ष था। उसमें तरह–तरह के पक्षी रहते थे। छोटे जानवरों की कई किस्में थीं। घोंसलों में रहने वाले पक्षियों की बड़ी तादाद थी। पेड़ के तनों में कई गहरे कोटर भी थे। जिनमें तोते, गिलहरियाँ, उल्लू आदि रहते थे।

पेड़ की जड़ों के पास के गड्ढों में चूहों, खरगोशों, साँपों के रहने की जगहें थीं। सुबह–शाम जोरदार चहचहाहट से आस–पास के इलाके में रौनक रहती थी।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **जंगल में वट वृक्ष कैसा था?**

   (क) लंबा (ख) चौड़ा (ग) विशाल (घ) कमज़ोर

2. **गड्ढों में कौन से जानवर रहते थे?**

   (क) चूहा, खरगोश, साँप (ख) तोते, गिलहरियाँ, उल्लू

   (ग) चूहा, गिलहरियाँ, उल्लू (घ) तोते, खरगोश, उल्लू

3. **पक्षी कहाँ रहते थे?**

   (क) जड़ों में (ख) घोंसलों में (ग) गड्ढों में (घ) डालों में

4. **'सुबह–शाम जोरदार चहचहाहट से आस–पास के <u>इलाके</u> में रौनक रहती थी।', में रेखांकित शब्द का अर्थ है–**

   (क) जंगल (ख) खेत (ग) क्षेत्र (घ) क्यारी

5. **किसकी चहचहाहट से इलाके में रौनक रहती थी?**

   (क) पक्षियों की (ख) खरगोश की

   (ग) साँप की (घ) गिलहरियों की

## भाग–2

**दी गई कविता के अंश को पढ़िए–**

नाम मेरा है आम जी,
मैं करता बहुत से काम जी,
फलों का राजा मुझे है कहते,
सभी चाव से मुझको खाते।
विटामिन से मैं हूँ भरपूर,
कोई नहीं है मुझसे दूर,
गर्मी के मौसम में आता,
दूर न कोई रह पाता।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**6. कविता के अनुसार फलों का राजा कौन है?**

(क) केला (ख) अमरूद (ग) आम (घ) सेब

**7. कविता में 'दूर' शब्द कितनी बार आया है?**

(क) चार बार (ख) तीन बार (ग) एक बार (घ) दो बार

**8. ''<u>गर्मी</u> के मौसम में आता'' पंक्ति में रेखांकित शब्द का उल्टा अर्थ होगा।**

(क) रात (ख) शाम (ग) सर्दी (घ) दोपहर

**9. सभी चाव से मुझको खाते में 'चाव' का अर्थ है–**

(क) शौक से खाना (ख) चबाकर खाना
(ग) चुराकर खाना (घ) जबरदस्ती खाना

**10. आम फलों का राजा क्यों कहलाता होगा?**

(क) अपने नाम के कारण (ख) रसीला होने के कारण
(ग) हरा होने के कारण (घ) पेड़ पर लगा होने के कारण

## भाग 3

**नीचे दिए गए चित्र को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**




**11. चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं?**

(क) कूड़ा फैला रहे हैं। (ख) खेल रहे हैं।

(ग) टहल रहे हैं। (घ) सफाई कर रहे हैं।

**12. चित्र में किस देश का झंडा दिखाया गया है?**

(क) नेपाल का (ख) भारत का (ग) चीन का (घ) अमेरिका का

**13. चित्र में कौन सी प्रसिद्ध इमारतें दिखाई गई हैं?**

(क) लाल किला और ताजमहल (ख) कुतुब मीनार और इंडिया गेट

(ग) राजघाट और जामा मस्जिद (घ) जंतर मंतर और पुराना किला

**14. हमें कूड़ा कहाँ फेंकना चाहिए?**

(क) सड़कों पर (ख) कूड़ेदान में (ग) नालों में (घ) कहीं भी

**15. चित्र क्या संदेश दे रहा है?**

(क) हमें गंदगी करनी चाहिए। (ख) हमें कूड़ा फैलाना चाहिए।

(ग) हमें साफ़–सफ़ाई रखनी चाहिए। (घ) हमें सड़क पर खेलना चाहिए।

कार्यपत्रक–5

# हिंदी

**कक्षा-3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

पापा, अमरूद का पेड़ कितना बड़ा हो गया है न ! सात साल के अमित ने पेड़ को देखते हुए कहा। "हाँ ऐसा लगता है जैसे कल ही लगाया था।" पापा तने पर हाथ फेरते हुए बोले "आपने मेरे हाथों से लगवाया था न !" अमित ने खुश होते हुए कहा "हाँ"— पापा ने कहा और हाथ में पकड़ी हुई प्लेट मुंडेर पर रख दी। प्लेट रखते ही ढेर सारे तोते तुरंत पेड़ से निकल कर आ गए और अमरूद और मिर्च कुतर–कुतर कर खाने लगे।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **अमित कितने साल का है?**

   (क) पाँच साल (ख) चार साल (ग) सात साल (घ) आठ साल

2. **अमित ने किसका पौधा लगाया था?**

   (क) अमरूद का (ख) आम का (ग) नीम का (घ) नींबू का

3. **अमित की खुशी का कारण था–**

   (क) तोते अमरूद खा रहे थे। (ख) पौधा अब पेड़ बन गया है।

   (ग) पेड़ पर अमरूद लगे थे। (घ) पापा प्लेट लेकर आ गए थे।

4. **'ढेर सारे तोते' में ढेर सारे का अर्थ है–**

   (क) बहुत से (ख) एक से कम

   (ग) मिले–जुले (घ) अलग–अलग

5. **तोते की तरह ______________ भी कुतर–कुतर कर खाती है।**

   (क) गाय (ख) बकरी (ग) गिलहरी (घ) लोमड़ी

## भाग 2

**नीचे दी गई तालिका को देखें और उसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

| **पशु–पक्षी का नाम** | **इन्हें क्यों पालते हैं** |
|---|---|
| कुत्ता | घर की रखवाली करता है। |
| गाय–भैंस | दूध मिलता है। |
| घोड़ा | गाड़ी खींचता है। |
| मुर्गी | अंडा मिलता है। |
| मधुमक्खी | शहद मिलता है। |
| तोता | मनोरंजन करता है। |
| बैल | गाड़ी खींचने और हल जुताई करता है। |
| बकरी | दूध मिलता है। |

**6. इस तालिका में कितने पशुओं की बात की गई है?**

(क) छः (ख) पाँच (ग) चार (घ) आठ

**7. घर की रखवाली का काम किसे दिया गया है?**

(क) तोते को (ख) गाय को (ग) बकरी को (घ) कुत्ते को

**8. किस–किस पशु से दूध मिलता है?**

(क) मुर्गी, गाय (ख) बकरी, भैंस (ग) गाय, तोता (घ) भैंस, बैल

**9. घोड़े और बैल का कौन सा काम एक समान है?**

(क) हल जोतना (ख) रखवाली करना

(ग) गाड़ी खींचना (घ) मनोरंजन करना

**10. 'तोता मनोरंजन करता है।' इसका मतलब हुआ कि तोता –**

(क) हमारा मन बहलाता है। (ख) हमें सूचना देता है।

(ग) हमें ज्ञान देता है। (घ) हमारी रखवाली करता है।

## भाग 3

**नीचे दी गई कविता के अंश को पढ़िए–**

मेह बरसने वाला है,
मेरी खिड़की में आ जा तितली।
बाहर जब पर होंगे गीले,
धुल जाएँगे रंग सजीले,
झड़ जाएगा फूल, न तुझको
बचा सकेगा छोटी तितली,
खिड़की में तू आ जा तितली।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**11. 'तितली' को कहाँ बुलाया जा रहा है?**

(क) घर में (ख) कमरे में (ग) आँगन में (घ) खिड़की में

**12. कविता में 'तितली' शब्द कितनी बार आया है?**

(क) तीन बार (ख) चार बार (ग) दो बार (घ) एक बार

**13. 'मेह बरसने वाला है।' वाक्य का अर्थ है–**

(क) सर्दी आने वाली है। (ख) बारिश आने वाली है।
(ग) गर्मी आने वाली है। (घ) आँधी आने वाली है।

**14. 'तितली' को क्यों बुलाया जा रहा है?**

(क) अपना मन लगाने के लिए (ख) तितली से बात करने के लिए
(ग) फूल को झड़ने से बचाने के लिए (घ) परों के रंग बचाने के लिए

**15. 'बाहर जब पर होंगे गीले' में 'पर' शब्द का अर्थ है–**

(क) लेकिन (ख) अजब (ग) पंख (घ) पैर

कार्यपत्रक–6

# हिंदी

**कक्षा–3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

हर पेड़ अपनी उपयोगिता या गुणों के कारण जाना जाता है। कुछ पेड़ अपने फूलों के कारण, तो कुछ फलों के कारण जाने जाते हैं। कुछ अपनी लकड़ी की उपयोगिता के लिए, तो कुछ अपने पत्तों या गोंद जैसी चीजों के लिए।

अमरूद ऐसे पेड़ों में से है, जो अपने फल के लिए खासतौर पर जाना जाता है। इसका पेड़ छोटा होता है। तना हल्के–भूरे रंग का होता है। इसकी छाल छोटे–छोटे टुकड़ों में अपने आप से भोजपत्र की भाँति उतरती रहती है। पत्ते गहरे हरे रंग के और आकार में लंबे होते हैं। फूल सफेद होते हैं।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

1. **अमरूद के पेड़ की छाल उतरते समय किस तरह की लगती है?**

   (क) गोंद के समान    (ख) भोजपत्र के समान

   (ग) कागज के समान    (घ) बाँस के समान

2. **अमरूद के किस भाग का रंग हल्का भूरा होता है?**

   (क) फल    (ख) पत्ते    (ग) फूल    (घ) तना

3. **'<u>हल्के</u> भूरे रंग' में रेखांकित शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द है–**

   (क) फीका    (ख) हरा    (ग) गहरा    (घ) सुनहरा

4. **अमरूद के पत्तों की विशेषता है–**

   (क) हल्का हरा रंग    (ख) आकार में लंबे

   (ग) आकार में चौड़े    (घ) आगे से नुकीले

**5.** **'हर पेड़ अपनी उपयोगिता या गुणों के कारण जाना जाता है।' इस पंक्ति का भाव है–**

(क) हर पेड़ की कोई न कोई खास बात होती है।

(ख) हर पेड़ का फल ही उपयोगी होता है।

(ग) सभी पेड़ छायादार होते हैं।

(घ) सभी पेड़ काँटेदार होते हैं।

## भाग 2

**नीचे दी गई कविता के अंश को पढ़िए–**

तिनके लाकर महल बनाती,
ऊँची डालों पर लटकाती,
खेतों से फिर दाना लाती
नदियों से भर लाती पानी
तुझको दूर न जाने देंगे,
दानों से आँगन भर देंगे,
और हौज में भर देंगे हम
मीठा–मीठा पानी।

**इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–**

**6.** **'तिनके लाकर __________ बनाती।' खाली जगह में कौन सा शब्द आएगा?**

(क) घर (ख) आँगन (ग) कमरा (घ) महल

**7.** **उसे पानी कहाँ से मिलता है?**

(क) खेतों से (ख) नदियों से (ग) डालों से (घ) आँगन से

**8.** **'तिनके लाकर <u>महल</u> बनाती' में रेखांकित शब्द 'महल' का भाव है–**

(क) किला (ख) झूला (ग) घोंसला (घ) कोटर

**9.** **यह कविता किसके बारे में है?**


(क) बंदर (ख) चिड़िया (ग) गिलहरी (घ) जानवर

**10.** **नीचे लिखे में से कौन सी चीज के दाने होते हैं?**

(क) गेहूँ (ख) आम (ग) सेब (घ) सब्जी

## भाग– 3

दिए गए विज्ञापन को देखिए–




इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प को चुनिए–

**11.** हमें दूसरों से कितने गज की दूरी बनाकर रखनी है?

(क) 3 गज (ख) 2 गज (ग) 1 गज (घ) 4 गज

**12.** मास्क का उपयोग ____________________ किया जाता है।

(क) चेहरे पर (ख) आँखों पर (ग) सिर पर (घ) हाथों पर

**13.** "जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं" यहाँ किस बीमारी के लिए चेतावनी दी जा रही है?

(क) डेंगू (ख) पोलियो (ग) मलेरिया (घ) कोविड–19

**14.** यह विज्ञापन क्या संदेश दे रहा है?

(क) बीमारी से बचाव का (ख) प्रदूषण से बचाव
(ग) मोटापे से बचाव का (घ) भीगने से बचाव का

**15.** अपने हाथ धोना क्यों जरूरी है?

(क) गीले रखने के लिए (ख) मच्छर से बचने के लिए
(ग) स्वच्छ रखने के लिए (घ) मक्खी से बचने के लिए

कार्यपत्रक–7

# हिंदी

**कक्षा–3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

स्कूल से घर आते समय नमन के हाथों में एक चिड़िया का बच्चा था। वह इसे अपने हाथों में लेकर बहुत खुश था। उसकी बहन नैंसी भी उसके साथ थी। वह भी खुश थी। क्यों ना होती? पहली बार ही तो उन्होंने किसी पक्षी को अपने हाथों से छुआ था।

इस चिड़िया के बच्चे को आज सुबह ही उसके स्कूल जाने से पहले घर के एक कोने में बने घोंसले से गिरते हुए देखा था। शायद यह उसकी पहली उड़ान का अभ्यास था।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

1. **नमन की बहन का क्या नाम था?**

   (क) निशा (ख) नैंसी (ग) न्यासा (घ) नम्रता

2. **नमन स्कूल में आते समय किस का बच्चा लेकर आया।**

   (क) चींटी (ख) तितली (ग) चिड़िया (घ) गिलहरी

3. **चिड़िया ________________ की आवाज करती है।**

   (क) टें–टें (ख) कुकडू कूँ (ग) काँव–काँव (घ) चीं–चीं

4. **हमें पक्षियों के साथ कैसा बर्ताव करना चाहिए?**

   (क) उनका शिकार करना चाहिए। (ख) उन्हें भगा देना चाहिए।

   (ग) उन्हें प्यार करना चाहिए। (घ) उन्हें पिंजरे में रखना चाहिए।

5. **नैंसी क्यों खुश थी?**

   (क) पक्षी के बच्चे को छूने के कारण।

   (ख) पक्षी के बच्चे के पहली बार उड़ने के कारण।

   (ग) पक्षी के घोंसला बनाने के कारण।

   (घ) पक्षी के बच्चे के गिरने के कारण।

## भाग 2

**नीचे दी गयी कविता के अंश को पढ़िए–**

| |
|---|
| अगर मुझे मिलती बंदूक<br>कर देता उसके दो टूक<br>नली निकाल बनाकर पिचकारी<br>उससे रंगता दुनिया सारी। |

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

**6. बच्चा क्या लेना चाह रहा है?**

(क) खिलौना (ख) बंदूक

(ग) गुब्बारा (घ) किताब

**7. होली खेलने के लिए पिचकारी में क्या डाला जाता है?**

(क) शक्कर (ख) शरबत

(ग) गुलाल (घ) रंग

**8. 'पिचकारी' किस त्योहार से संबंधित है?**

(क) होली (ख) दीपावली

(ग) ईद (घ) रक्षाबंधन

**9. इनमें से बंदूक कौन रखता है?**

(क) शिक्षक (ख) फौजी

(ग) दुकानदार (घ) नाई

**10. दुनिया रंगने का क्या मतलब है?**

(क) संसार में खुशियाँ फैलाना।

(ख) संसार में लड़ाई–झगड़ा फैलाना।

(ग) संसार को नीले–पीले रंगों से भरना।

(घ) संसार में बीमारियाँ फैलाना।

## भाग 3

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए—**




**चित्र देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए—**

**11. यह दुकान किस चीज़ की है?**

(क) खान—पान की दुकान (ख) पान—वाले की दुकान

(ग) किरयाने की दुकान (घ) कपड़ों की दुकान

**12. आठ रुपए में कौन सी चीज मिल रही है?**

(क) समोसे (ख) केक (ग) बर्गर (घ) चिप्स

**13. सबसे महँगी चीज़ कौन सी है?**

(क) समोसा (ख) केक (ग) बर्गर (घ) चिप्स

**14. एक चिप्स और एक बर्गर के लिए आपको कितने पैसे देने पड़ेंगे?**

(क) 30 रूपये (ख) 33 रूपये (ग) 13 रूपये (घ) 23 रूपये

**15. दुकानदार पुस्तक क्यों पढ़ रहा होगा?**

(क) क्योंकि कोई ग्राहक नहीं है।

(ख) क्योंकि यह पुस्तकों की दुकान है।

(ग) क्योंकि उसे मिठाइयों का रेट जानना है।

(घ) आर्डर लिखने के लिए पढ़ रहा है।

कार्यपत्रक–8

# हिंदी

**कक्षा-3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

एक गाँव था। उस गाँव में बरगद का एक विशाल वृक्ष था। वह इतना बड़ा था कि उसकी छाया में सैकड़ों लोग एक साथ आराम कर सकते थे। गाँव में बरगद के अलावा आम, जामुन, नीम, कटहल, पीपल के पेड़ और सैकड़ों तरह के फूलों की बेलें लगी थीं। गाँव के बीचों–बीच एक बड़ा तालाब था। गाँव के पशु वहाँ पानी पीने आते थे।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

1. **गाँव में कौन सा वृक्ष बहुत बड़ा था?**

   (क) नीम (ख) बरगद (ग) पीपल (घ) जामुन

2. **गाँव में तालाब कहाँ था?**

   (क) गाँव के चारों ओर (ख) गाँव के किनारे

   (ग) गाँव के बीचों–बीच (घ) गाँव से बहुत दूर

3. **बरगद की किस विशेषता के कारण लोग उसके नीचे बैठ सकते थे?**

   (क) उसके विशाल होने के कारण (ख) उसपर फूल की बेलों के कारण

   (ग) उसके नीचे तालाब होने के कारण (घ) उसकी जड़ें गहरी होने के कारण

4. **गाँव के पशु प्यास बुझाने कहाँ जाते थे?**

   (क) नदी (ख) तालाब (ग) झरना (घ) कुआँ

5. **'वृक्ष' शब्द का समान अर्थ देने वाला शब्द है?**

   (क) पेड़ (ख) पौधा (ग) बेल (घ) फूल

## भाग 2

**नीचे दी गयी कविता के अंश को पढ़िए–**

सूरज और पृथ्वी की टोली,
खेल रही है आँख मिचौली।
आसमान के सब तारों में,
सूरज भी एक तारा है।
धूप–प्रकाश हमें देता है,
पक्का मित्र हमारा है।
अपनी पृथ्वी चारों ओर,
सूरज के मंडराती है।
एक बरस में इस सूरज का,
चक्कर एक लगाती है।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

**6. पृथ्वी एक वर्ष में सूरज के कितने चक्कर काटती है?**

(क) तीन (ख) एक (ग) चार (घ) दो

**7. हमें धूप और रोशनी ________________ मिलती है।**

(क) पृथ्वी से (ख) तारों से (ग) सूरज से (घ) बादलों से

**8. सूरज और पृथ्वी मिलकर कौन सा खेल खेल रहे हैं?**

(क) कबड्डी (ख) आँख–मिचौली

(ग) पकड़म–पकड़ाई (घ) खो–खो

**9. 'पक्का मित्र' शब्द से अर्थ है–**

(क) सच्चा दोस्त (ख) प्यारा दोस्त (ग) अनोखा दोस्त (घ) सयाना दोस्त

**10. 'सूरज के <u>मंडराती</u> है', रेखांकित शब्द का अर्थ है–**

(क) झूमती रहती है। (ख) बैठी रहती है।

(ग) खड़ी हो जाती है (घ) चक्कर लगाती है।

## भाग 3

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए**




**चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प चुनिए–**

**11. यह चित्र कहाँ का है?**

(क) रेलवे स्टेशन (ख) विद्यालय (ग) बाज़ार (घ) सब्जी मंडी

**12. इस चित्र में कौन दिखाई दे रहे हैं?**

(क) बच्चे (ख) पशु–पक्षी (ग) बुजुर्ग (घ) कीट–पतंगे

**13. सामने दिख रही दो लड़कियों के हाथ में क्या हो सकता है?**

(क) सब्जी का थैला (ख) कैरम बोर्ड (ग) पुस्तकें (घ) खिलौने

**14. चित्र में किस क्रिया का पता चल रहा है?**

(क) बाहर आना (ख) अन्दर जाना (ग) खेलना (घ) दौड़ना

**15. चित्र में मानव आकृति के अलावा और क्या–क्या दिख रहा है?**

(क) पशु (ख) ठेला (ग) फर्नीचर (घ) पेड़

कार्यपत्रक–9

# हिंदी

**कक्षा–3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

### चौकीदार उल्लू

उल्लू चौकीदार की तरह रात भर जागता है। सारी रात खेतों खलिहानों के ऊपर कीड़े–मकोड़े और चूहे–चुहियों की तलाश में उड़ते रहते हैं। उनकी मुड़ी हुई चोंच और मजबूत पंजों से ये आसानी से शिकार कर पाते हैं। वास्तव में उल्लू बहुत चालाक पक्षी होता है।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

1. **उल्लू किस की तरह रात भर जागता है?**

   (क) कुत्ते (ख) मोची (ग) धोबी (घ) चौकीदार

2. **उल्लू किस के ऊपर उड़ते रहते हैं?**

   (क) खेत–खलिहानों (ख) इमारतों (ग) फूलों (घ) इंसानों

3. **उल्लू कैसा पक्षी है?**

   (क) समझदार (ख) चालाक (ग) नासमझ (घ) आलसी

4. **उल्लू के पंजे कैसे होते हैं?**

   (क) नरम (ख) कठोर (ग) नाजुक (घ) मजबूत

5. **'उल्लू के पंजे मजबूत होते हैं।'**

   इस वाक्य में 'मजबूत' शब्द का उल्टा अर्थ क्या होगा?

   (क) मूर्ख (ख) चालाक (ग) कमजोर (घ) डरा हुआ

## भाग 2

**नीचे दी गयी कविता के अंश को पढ़िए–**

दूर देश से आई तितली
चंचल पंख हिलाती,
फूल–फूल पर, कली–कली पर
इठलाती–इतराती,
यह सुंदर फूलों की रानी
धुन की मस्त दीवानी,
हरे–भरे उपवन में आई
करने को मनमानी।
कितने सुंदर है पर इसके
जगमग रंग–रंगीले,
लाल, हरे, बैंगनी, बसंती,
काले, नीले, पीले।

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए–**

6. **तितली को किसकी रानी कहा गया है?**

(क) काँटों की (ख) फूलों की (ग) फलों की (घ) सब्जियों की

7. **पंक्ति को पूरा करो–**

**फूल–फूल पर ______________ पर।**

(क) कली–कली (ख) भली–भली (ग) हरी–हरी (घ) फली–फली

8. **तितली दूर देश से कहाँ आई है?**

(क) जंगल में (ख) घर में
(ग) परियों के देश में (घ) उपवन में

9. **कविता में कितने रंगों के नाम आए हैं?**


(क) पाँच (ख) सात (ग) छह (घ) आठ

10. **कितने सुन्दर '<u>पर</u>' हैं इसके, रेखांकित शब्द का अर्थ हैं–**

(क) पैर (ख) रंग (ग) पंख (घ) आँखें

## भाग 3

**नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए**



**चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प चुनिए—**

**11. चित्र में लड़का क्या कर रहा है?**

(क) सफाई कर रहा है। (ख) खेल रहा है।

(ग) कूड़ा फैला रहा है। (घ) डंडा मार रहा है।

**12. पीछे बना फूल जैसा चित्र कौन—सी इमारत का है?**

(क) लाल किला (ख) कुतुब मीनार (ग) जामा मस्जिद (घ) कमल मंदिर

**13. कूड़ा डालने के लिए इस चित्र में—**

(क) एक और कूड़ादान हो। (ख) एक और झाडू हो।

(ग) एक और इमारत हो। (घ) एक और सड़क हो।

**14. सड़क पार करने के लिए काली व सफेद पट्टियों को ____________ कहते हैं।**

(क) फ्लाईओवर (ख) जेबरा क्रॉसिंग

(ग) पटरी (घ) ब्रेकर

**15. चित्र ________________ अभियान से संबंधित है।**

(क) पोलियो (ख) कूड़ा उठाओ (ग) स्वच्छता (घ) पेड़ बचाओ

कार्यपत्रक–10

# हिंदी

**कक्षा-3**

## भाग–1

**नीचे दी गई कहानी के अंश को पढ़िए–**

कहते हैं कि बिल्ली शेर की मौसी है और उसने शेर को सब कुछ सिखाया। तेंदुआ भी बिल्ली के परिवार का है और ज़रा सा समय बर्बाद किए बिना उसने पेड़ों पर चढ़ना सीख लिया। पेड़ों पर आसानी से चल सकने के कारण ही तेंदुआ बंदरों के लिए बहुत खतरनाक हो जाता है। अधिकतर यह बंदरों और कुत्तों को मार कर खाता है लेकिन मौका मिलने पर बकरी को भी खा जाता है। भारत में बाघों की संख्या तो बहुत कम रह गई है लेकिन तेंदुए अब भी काफी संख्या में पाए जाते हैं। यह जानवर बहुत चालाक होता है।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

1. **बिल्ली शेर की ____________ है।**

(क) मामी (ख) मौसी (ग) चाची (घ) नानी

2. **बंदरों, कुत्तों और बकरियों को कौन मारकर खा जाता है?**

(क) तेंदुआ (ख) बिल्ली (ग) भालू (घ) हाथी

3. **'चालाक' शब्द का उल्टा अर्थ क्या होगा?**

(क) पागल (ख) निडर (ग) मूर्ख (घ) सयाना

4. **तेंदुआ किस प्रकार का भोजन खाता है?**

(क) केवल माँस (ख) केवल अनाज (ग) केवल फल (घ) केवल घास

5. **भारत में बाघों की संख्या कम होने का क्या कारण है?**

(क) तेंदुओं का बढ़ना (ख) शिकारियों का बढ़ना

(ग) जंगलों का घटना (घ) चिड़ियाघरों का बढ़ना

## भाग 2

**नीचे दी गयी कविता के अंश को पढ़िए–**

तड़–तड़ तड़–तड़ बड़म–बड़म
बादल हैं या एटमबम
साथ हवा के दौड़ रहे
काली चादर ओढ़ रहे
आसमान के फव्वारे
गर्मी में लगते हैं प्यारे
बूंदे गिरती छम–छम–छम
झाँके अम्माँ जाली से
बच्चे भीगें पानी में
सब आँगन में घूम–घूम
थिरक –थिरककर झूम–झूम
कड़की बिजली–
डर गए हम
बादल हैं या एटमबम।

**नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

6. **'बादल' को किसके जैसा बताया गया है?**
   (क) चादर जैसा (ख) मटके जैसा (ग) एटमबम जैसा (घ) गुब्बारे जैसा

7. **बादलों को 'आसमान के फव्वारे' क्यों कहा गया है? क्योंकि–**
   (क) वे उड़ते रहते हैं। (ख) वे गरजते रहते हैं।
   (ग) वे प्यारे लगते हैं। (घ) वे पानी बरसाते हैं।

8. **कविता में "काली चादर" का क्या भाव है?**
   (क) काले–काले बादल (ख) काली–काली पतंगे
   (ग) चिड़ियों का झुंड (घ) कड़कती बिजली

**9. गर्मी में बारिश प्यारी क्यों लगती है? क्योंकि–**

(क) बम फूटने का डर रहता है।

(ख) सर्दी से राहत मिलती है।

(ग) सड़कों पर कीचड़ हो जाता है।

(घ) गर्मी से राहत मिलती है।

**10. बच्चे क्यों डर गए थे?**

(क) बारिश होने से

(ख) बिजली कड़कने से

(ग) गर्मी होने से

(घ) बादलों के आने से

## भाग 3

**नीचे दिए गए विज्ञापन को देखिए–**




**विज्ञापन देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर बताइए–**

**11. विज्ञापन में दाईं ओर खड़ा लड़का क्या कर रहा है?**

(क) बस से उतर रहा है।

(ख) पत्रपेटी में पत्र डाल रहा है।

(ग) खड़ा खड़ा कुछ सोच रहा है।

(घ) कूड़ेदान में कचरा डाल रहा है।

**12. यह विज्ञापन कहाँ से जारी किया गया है?**

(क) दिल्ली सरकार

(ख) भारत सरकार

(ग) पंचायत भवन

(घ) जिला प्रशासन

**13. चित्र में ✓ निशान का मतलब है कि ये कार्य–**

(क) हमेशा करना चाहिए। (ख) कभी कभी करना चाहिए।

(ग) कभी नहीं करना चाहिए। (घ) सप्ताह में एक बार करना चाहिए।

**14. चित्र में ⃠ निशान का मतलब है कि–**

(क) ऐसा ही करिए। (ख) इधर–उधर देखिए।

(ग) ऐसा कभी मत करिए। (घ) यहाँ मत बैठिए।

**15. इस विज्ञापन में किस बात पर ध्यान रखने को कहा गया है?**

(क) खाना बैठ कर खाना चाहिए। (ख) कूड़ा कूड़ेदान में डालना चाहिए।

(ग) चलती बस में नहीं चढ़ना चाहिए। (घ) हमेशा मास्क पहनना चाहिए।

# हिंदी

## कक्षा-3

# उत्तरकुंजी

## कार्यपत्रक—1

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | घ | 3. | ग | 4 | क | 5. | ग | 6. | क | 7. | ग | 8. | घ | 9. | ख | 10. | ग |
| 11. | ग | 12. | ख | 13. | घ | 14. | ख | 15. | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक—2

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | घ | 3. | ग | 4 | क | 5. | ख | 6. | क | 7. | घ | 8. | ग | 9. | क | 10. | ख |
| 11. | ग | 12. | ख | 13. | घ | 14. | ग | 15. | क | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक—3

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | घ | 2. | ग | 3. | ख | 4 | क | 5. | ख | 6. | क | 7. | ग | 8. | घ | 9. | ख | 10. | घ |
| 11. | ख | 12. | ग | 13. | ख | 14. | ग | 15. | घ | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक—4

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग | 2. | क | 3. | ख | 4 | ग | 5. | क | 6. | ग | 7. | घ | 8. | ग | 9. | क | 10. | ख |
| 11. | घ | 12. | ख | 13. | क | 14. | ख | 15. | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक—5

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग | 2. | क | 3. | ख | 4 | क | 5. | ग | 6. | क | 7. | घ | 8. | ख | 9. | ग | 10. | क |
| 11. | घ | 12. | क | 13. | ख | 14. | घ | 15. | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक—6

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | घ | 3. | ग | 4 | ख | 5. | क | 6. | घ | 7. | ख | 8. | ग | 9. | ख | 10. | क |
| 11. | ख | 12. | क | 13. | घ | 14. | क | 15. | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–7

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | ग | 3. | घ | 4 | ग | 5. | क | 6. | ख | 7. | घ | 8. | क | 9. | ख | 10. | क |
| 11. | क | 12. | घ | 13. | ग | 14. | ख | 15. | क | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–8

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | ग | 3. | क | 4 | ख | 5. | क | 6. | ख | 7. | ग | 8. | ख | 9. | क | 10. | घ |
| 11. | ख | 12. | क | 13. | ग | 14. | क | 15. | घ | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–9

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | घ | 2. | क | 3. | ख | 4 | घ | 5. | ग | 6. | ख | 7. | क | 8. | घ | 9. | ख | 10. | ग |
| 11. | क | 12. | घ | 13. | क | 14. | ख | 15. | ग | | | | | | | | | | |

## कार्यपत्रक–10

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ख | 2. | क | 3. | ग | 4 | क | 5. | ग | 6. | ग | 7. | घ | 8. | क | 9. | घ | 10. | ख |
| 11. | घ | 12. | ख | 13. | क | 14. | ग | 15. | ख | | | | | | | | | | |